सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 285 | इंदौर, शनिवार 27 अप्रैल, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# चंबल पर कांग्रेस का फोकस राहुल-प्रियंका करेंगे प्रचार

## रामनिवास रावत और डॉ. गोविंद सिंह को साथ लेकर जनसभा करेंगे PCC चीफ जीतू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव के 2 चरणों में 12 सीटों पर मतदान हो चुका है। इन दोनों चरणों में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के सिर्फ 2 ही दौरे हुए हैं। अब तीसरे चरण में कांग्रेस का फोकस ग्वालियर-चंबल अंचल पर है। तीसरे फेज की वोटिंग 7 मई को है। इससे पहले राहुल गांधी और प्रियंका गांधी प्रचार करने चंबल आएंगे। 30 अप्रैल को राहुल गांधी भिंड के दौरे पर रहेंगे। इसके बाद 2 मई को प्रियंका गांधी मुरैना में रोड शो करेंगी। राहुल-प्रियंका के दौरे से पहले कांग्रेस एकजुटता दिखाने की कोशिश में जुट गई है।**





### ग्वालियर-चंबल पर फोकस क्यों

ग्वालियर-चंबल में 4 लोकसभा सीटें भिंड, मुरैना, ग्वालियर और गुना आती हैं। गुना में 1999 से 2014 तक लगातार कांग्रेस चुनाव जीतती रही है। 2019 में बीजेपी के केपी यादव ने ज्योतिरादित्य सिंधिया को हराया था। इसके बाद सिंधिया ने 2020 में बीजेपी जॉइन कर ली थी। इस बार बीजेपी ने केपी यादव का टिकट काटकर सिंधिया को उतारा है।

कांग्रेस ने उनके सामने पूर्व विधायक राव देशराज सिंह यादव के बेटे राव यादवेंद्र यादव को उतारा है। गुना में कांग्रेस को केपी के टिकट कटने पर यादव वोटर का साथ मिलने की उम्मीद नजर आती है। ऐसे में एमपी कांग्रेस यहां ताकत लगा रही है।

### नाराज नेताओं के साथ प्रचार करेंगे पटवारी

मुरैना और भिंड में कांग्रेस के उम्मीदवार घोषित होने के बाद पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह और सीनियर विधायक रामनिवास रावत नाराज थे। दोनों ही नेता मुरैना से टिकट की दावेदारी कर रहे थे, लेकिन बीजेपी से शिवमंगल सिंह तोमर के प्रत्याशी घोषित होने के बाद डॉ. गोविंद सिंह पीछे हट गए थे। वे चाहते थे कि भिंड में 2019 में लोकसभा चुनाव लड़े देवाशीष जरारिया को टिकट मिले। कांग्रेस ने भांडेर विधायक फूल सिंह बरैया को भिंड से उम्मीदवार घोषित कर दिया। इसके बाद देवाशीष ने बसपा जॉइन कर ली। वे बीएसपी से चुनाव लड़ रहे हैं।

वहीं, सत्यपाल सिंह सिकरवार को टिकट मिलने के बाद रामनिवास रावत नाराज हो गए थे। उनके 25 अप्रैल को मुरैना में पीएम मोदी के सामने बीजेपी जॉइन करने की चर्चाएं भी शुरू हो गई थीं। आनन-फानन में एमपी कांग्रेस ने मनाने की कवायद शुरू की। राहुल गांधी ने रावत से फोन पर चर्चा की। जिसके बाद वे मान गए। अब रामनिवास रावत और डॉ. गोविंद सिंह पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के साथ प्रचार करने जाएंगे। 2 दिन तक एमपी कांग्रेस के नेता इसी क्षेत्र में प्रचार करेंगे।

### 2 दिन तक कांग्रेस का ग्वालियर-चंबल में दौरा

27 अप्रैल को पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह और उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे भिंड, दतिया और ग्वालियर जिले में कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, अरुण यादव, डॉ. गोविंद सिंह और हेमंत कटारे सुबह 10 बजे हेलिकॉप्टर के जरिए इंदौर से रवाना होकर सुबह 11.45 बजे भिंड पहुंचेंगे। यहां कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी फूल सिंह बरैया के समर्थन में चुनावी सभा करेंगे।

दोपहर 12.45 बजे भिंड से रवाना होकर 1.15 बजे गोहद विधानसभा क्षेत्र में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 3.15 बजे सेवढ़ा में आयोजित कार्यक्रम शामिल होंगे। शाम 5.15 बजे दतिया विधानसभा के उदगंवा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसी दिन, शाम 7 बजे दतिया पहुंचेंगे। यहां किला चौक में आमसभा को संबोधित करेंगे। रात 10.30 बजे ग्वालियर पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे।

### रामनिवास और गोविंद सिंह 28 अप्रैल को करेंगे प्रचार

28 अप्रैल को जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव, पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह और विधायक रामनिवास रावत ग्वालियर एवं शिवपुरी जिले के विभिन्न स्थानों पर कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10.30 बजे ग्वालियर से रवाना होकर 11 बजे करैरा पहुंचकर जनसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर 12.30 बजे पोहरी विधानसभा के बैराड़ में और दोपहर 2 बजे भितरवार, दोपहर 3.30 बजे डबरा विधानसभा में जनसभा करेंगे। शाम 5.30 बजे ग्वालियर पहुंचेंगे।

---

# इंदौर से महाराष्ट्र के अकोला जा रही बस 100 फीट गहरी खाई में गिरी

## 20 यात्री घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर। बुरहानपुर में एक बस 100 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 20 यात्री घायल हो गए। रॉयल ट्रेवल्स की यह बस इंदौर से महाराष्ट्र के अकोला जा रही थी। हादसा शाहपुर थाना क्षेत्र में सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुआ।**

सभी घायलों को 9 एम्बुलेंस से बुरहानपुर जिला अस्पताल ले जाया गया है। यात्रियों को हाथ, पैर और सिर में चोट आई है। बस में करीब 40 से 45 यात्री सवार थे। यात्रियों ने एक-दूसरे की मदद की, जिससे सभी बाहर निकल सके। बताया जा रहा है कि शाहपुर के जसौन्दी में कलोरी घाट पर चढ़ाई के समय बस आगे न जाते हुए रिवर्स होकर करीब 100 फीट गहरी खाई में जा गिरी। संजय नामक यात्री ने कहा कि मैं बस से नीचे उतरा था। बस गर्म हो रही थी, तभी चढ़ाई के कारण वह रिवर्स हो गई। लखन सांवले ने बताया बस में लगेज था। लगेज हटाकर बैटरी लगा रहे थे, तब बस रिवर्स हुई। सूचना मिलने पर एडीएम सीएल सिंगाड़े, एएसपी अंतर सिंह कनेश, शाहपुर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

### शादी की खुशियां मातम में बदली

# बहन के विवाह का कार्ड लेकर आए भाई की सड़क हादसे में मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा।** सिवनी से एक युवक छोटी बहन की शादी का कार्ड बांटने छिंदवाड़ा आया था। गुरुवार रात अमरवाड़ा रोड पर राजाखोह के समीप एक तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। हादसे में युवक की मौके पर मौत हो गई। बड़े भाई की मौत से दुल्हन बनने की तैयारी कर रही बहन समेत पूरा परिवार सदमे में है। शादी की खुशियां मातम में बदल गई। धरमटेकड़ी चौकी प्रभारी महेंद्र शाक्य ने बताया कि सिवनी छपारा के ग्राम चिखली गोरखपुर निवासी 38 वर्षीय प्रमोद पिता शंकर बरकड़े की बहन की शादी थी। गुरुवार को प्रमोद बहन की शादी का कार्ड देने बहनोई के घर आ रहा था। राजाखोह के समीप किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार प्रमोद को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार प्रमोद की मौके पर मौत हो गई थी। प्रमोद की छोटी बहन की शादी आगामी 9 मई को होने वाली थी। बरकड़े परिवार बेटी शादी की तैयारियों में जुटा हुआ था। गुरुवार को कार्ड बांटने निकले भाई प्रमोद की मौत के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई।

## भाजपा के पन्ना प्रमुखों को ऑफर, गोपाल भार्गव बोले-100% वोटिंग कराने वाले को देंगे मोटरसाइकिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में दूसरे चरण में कम मतदान से चुनाव आयोग से लेकर राजनीतिक दलों की चिंता बढ़ा दी है। इस बीच भाजपा के पूर्व मंत्री और विधायक गोपाल भार्गव ने पन्ना प्रमुखों को 100 प्रतिशत वोटिंग कराने पर बड़ा ऑफर दिया है।

मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 6 सीटों पर शुक्रवार को मतदान पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में कम होने के आंकड़े सामने आ रहे है। वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए अलग-अलग ऑफिर दिए जा रहे हैं। इस बीच भाजपा के पूर्व मंत्री और विधायक गोपाल भार्गव ने एलान किया है कि उनके क्षेत्र के पन्ना प्रभारी अपने पन्ने के 100 प्रतिशत मतदान करा लेंगे, उनको पुरस्कार स्वरूप मोटरसाइकिल इनाम में देंगे। इसका वीडियो भार्गव ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। बता दें प्रदेश की पहले चरण की 6 सीटों पर 67.75 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो पिछले चुनाव की तुलना में करीब साढ़े सात प्रतिशत कम है। दूसरे चरण में शाम 6 बजे तक के मतदान के आंकड़े 58.35 प्रतिशत रहे हैं।

# इंदौर में तीन प्रत्याशियों के नामांकन फॉर्म खारिज

### कांग्रेस के दो डमी और एक इंडिपेंडेंट का नामांकन निरस्त, कलेक्टर ने अमान्य की कांग्रेस प्रत्याशी पर बीजेपी की आपत्ति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में लोकसभा चुनाव के लिए 13 मई को मतदान होना है। 26 अप्रैल शुक्रवार से नामांकन फॉर्म की जांच की प्रकिया कलेक्टर कार्यालय में शुरू हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी इंदौर लोकसभा, जिलाधीश कार्यालय इंदौर के समक्ष लोकसभा प्रत्याशियों के नामांकन फॉर्म की जांच एवं आपत्ति निराकरण की कार्यवाही की गई। कुल 29 जमा नामांकन किए गए थे।**

एआरओ गोपाल सिंह वर्मा ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के नामांकन फार्म स्क्रूटनी में तीन फॉर्म खारिज हुए है। मोती सिंह, रविंद्र लोखंडे और लीलाधर चौहान के फॉर्म खारिज किए गए है। वहीं 26 में से 23 अभ्यर्थी के नामांकन विधिमान्य पाए गए है। नाम वापसी की आखरी तारीख 29 अप्रैल है। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय बम के नामांकन फॉर्म के संबंध में भारतीय जनता पार्टी की ओर से 2 आपत्ति पेश की गई। जिसमें अक्षय कांति बम द्वारा जेएमएफसी कोर्ट में लंबित आपराधिक प्रकरण में कोर्ट द्वारा इजाफा की गई धारा 307 आईपीसी को जानबूझकर छुपाने का आरोप लगा कर नामांकन फॉर्म निरस्त किए जाने की मांग की गई। कांग्रेस प्रत्याशी की ओर से इंदौर जिला कांग्रेस लीगल सेल के जिला अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार पाठक द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष तर्क प्रस्तुत किए गए की जिस दिनांक 24/4/24 को कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया था उसी दिनांक को कोर्ट द्वारा प्रथम दृष्टया 307 आईपीसी पाया जाना उल्लेखित कर प्रकरण सत्र न्यायाधीश को अंतरित किया है। जिसमें मई माह में चार्ज लगाया जाना है। इस आधार पर आज दिनांक को प्रत्याशी पर कोई चार्ज 307 आईपीसी का नहीं हैं तथा इस आदेश की जानकारी भी प्रत्याशी को नामांकन व शपथ पत्र पेश करते समय नहीं थी। अतः कोई तथ्य जानबूझकर नहीं छुपाया गया है। इन तर्कों से सहमत होकर जिला निर्वाचन अधिकारी इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा आपत्ति अमान्य करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम का नामांकन फॉर्म स्वीकार किया।

## मतदाताओं को जागरूक करने आज मानव श्रृंखला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 13 मई को होने वाले मतदान की व्यापक तैयारियां जारी है। इंदौर को मतदान में नम्बर वन बनाने के लिए सभी संभव प्रयास किये जा रहे है। इस सिलसिले में 27 अप्रैल को शाम 5 बजे गाँधी हॉल परिसर में मतदाता जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला बनाई जायेगी। इसके माध्यम से मतदान का संदेश देते हुये मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जायेगा।

## घोषणा मुंगेरीलाल के सपने साबित हुई

इंदौर। म.प्र.कांग्रेस कमेटी महासचिव राकेश सिंह यादव ने बताया कि कांग्रेस में रहकर गुटबाजी को बढ़ावा देने वाले दो नेता अपने आकाओं के साथ भाजपा में घुसपैठ करके अब भाजपा को गुटबाजी का शिकार बना रहें हैं। दलाल बाग में 8 हजार कांग्रेसियों के प्रवेश की घोषणा मुंगेरी लाल के सपने साबित हुई। भाजपा में घुसपैठियों ने समूह बनाकर गुटबाजी शुरू कर दी हैं। देपालपुर के निर्वाचित विधायक को दरकिनार करने के लिए भाजपा में पचौरी गुट ने रणनीति तैयार करके गुटबाजी का श्री गणेश दलाल बाग से कर दिया हैं। आश्चर्य इस बात का हैं की मुख्यमंत्री भाजपा के निर्वाचित विधायक को छोडकर हारे हुए घुसपैठियों के साथ ठहाके लगा रहें हैं। भाजपा का ऐसा चेहरा पहले नहीं था।देपालपुर के स्थानीय विधायक को मुख्यमंत्री मोहन यादव इसलिए दरकिनार कर रहें हैं क्योकि देपालपुर विधायक शिवराज समर्थक हैं। वहीं विधानसभा एक में मंत्री के खिलाफ कांग्रेस के हारे हुए उम्मीदवार को भाजपा में प्रवेश कराकर दम भर रहें है। भाजपा में इस तरह की गुटबाजी घुसपैठियों के जरिये जोरों पर हैं, लेकिन ईमानदार भाजपा नेता और कार्यकर्ता हासिये पर हैं।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने वाले 208 को नोटिस जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर जिले में 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान के लिए व्यापक तैयारियां जारी है। मतदान के लिए मतदान दलों के अधिकारी/कर्मचारियों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विगत दिनों सम्पन्न हुये प्रशिक्षण कार्यक्रमों में बिना किसी कारण के अनुपस्थित रहे 208 अधिकारी/कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। बताया गया कि मतदान दल हेतु पीठासीन अधिकारी/मतदान अधिकारी-एक के 15 अप्रैल से 19 अप्रैल 2024 तक आयोजित किये गये प्रशिक्षण में बिना किसी कारण के अनुपस्थित रहे 152 कार्मिकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। इसी प्रकार मतदान अधिकारी-दो एवं मतदान अधिकारी-तीन के गत 22 अप्रैल एवं 23 अप्रैल 2024 को आयोजित किये गये प्रशिक्षण में बिना किसी कारण के 56 अनुपस्थित रहे कार्मिकों को भी कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

## पर्यावणर संरक्षण के लिए महेश नगर उद्यान में पौधारोपण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पृथ्वी के बिना हमारा कोई अस्तित्व नही है धरती माँ के लिए हम सबको भी योगदान करना चाहिए पौधा रोपण पर्यावरण सरक्षण का



सशक्त माध्यम है । उक्त विचार पर्यावरण के सजग प्रहरी ठाकुर सन्तोष सिंह ने कही । अतिथियों ने क्षत्रिय राजपूत कलमकार पत्रकार संघ द्वारा आयोजित महेश नगर उद्यान में पौधा रोपण में फलदार व अन्य पौधे रोपण किया गया। संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र तिवारी उपाध्यक्ष वैभव मेहता ने बताया कि संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र तिवारी व सचिव सुनील शेखावत व शुभम वर्मा ने समिति की ओर से 15 पौधों का रोपण किया जिसमें आम , जाम , बेलपत्र चांदनी , गुलेर , रातरानी सहीत फल व फूलदार पौधे लगाए । उद्यान में आने वाले रहवासी पौधों की देखभाल कर बड़ा करेंगे ।

# शहर की समस्याओं के समाधान के लिए समग्र योजना जरूरी : डॉ. बम

### पानी, पार्किंग, यातायात के साथ ही आबादी का बढ़ता दबाव भी चुनौतीपूर्ण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. अक्षय बम ने कहा है कि शहर की समस्याओं के समाधान के लिए समग्र योजना बनाई जाना जरूरी है । अभी इस तरह की कोई योजना नहीं बनाई जा रही है । शहर में पानी, पार्किंग और यातायात के साथ ही आबादी का बढ़ता हुआ दबाव भी चुनौती पूर्ण है ।**

वे इंदौर संपादक संघ के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे । डॉ बम ने इस अवसर पर कहा कि हमें शहर का 50 साल पहले का नक्शा लेकर चलना होगा । तभी शहर सुंदर होगा । उन्होंने कहा की आने वाले समय में आबादी भी बढ़ेगी और शहर की सीमा का भी विकास होगा । इसके लिए काम करना पड़ेगा । उन्होंने कहा कि शहर की जनसंख्या भी बढ़ेगी । इसके लिए अस्पताल और स्कूल के साथ ही हमें अन्य सुविधा की और भी ध्यान देना पड़ेगा ।

डॉ बम ने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने हेतु हमें कई प्रयास करने होंगे । प्रमुख मार्गो पर साइकिल वालो के लिए जगह नही है । इस हेतु कार्य किए जाने की आवश्यकता है । शहर की पार्किंग समस्या भी एक बड़ी समस्या है । वही बढ़ते चार पहिया वाहन भी चिंता का विषय है ।उन्होंने शहर में वर्टिकल डेवलपमेंट पर भी जोर दिया और इसे आवश्यक बताया। आपने कहा कि कुछ लोगों की शहर के प्रति मानसिकता अलग है । समय के हिसाब से परिवर्तन होना चाहिए ।

भाजपा प्रत्याशी के संबंध में पूछे गए प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि यदि पांच साल में शहर हित में उन्होने कार्य किए होते तो उनकी ही पार्टी की पहली सूची में उनका नाम होता । संपादक संघ के सदस्यों ने कई सुझाव डॉ बम को दिए । जिस पर काम करने की आवश्कता है । संघ ने डॉ बम से पूछा कि आपके मन में शहर विकास हेतु रोड़ मैप है क्या ? इस पर उन्होंने बताया कि शहर में कई बड़ी समस्या है जिसे दूर करना होगा । शहर की सबसे बड़ी समस्या पानी है वही उन्होंने कहा की पीथमपुर, धार, देवास और उज्जैन को मेट्रो से जोडना होगा । प्रारंभ में अभिलाष शुक्ला, नवनीत शुक्ला ने डॉक्टर बम के समक्ष कुछ अन्य भी प्रश्न रखे ।

## इंदौर में अब कोचिंग वॉर, एलन पर प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एजुकेशन हब बन रहे इंदौर में अब कोचिंग इंस्टिट्यूट के बीच अपने-अपने इंस्टिट्यूट के बच्चों के सिलेक्शन को लेकर भी संघर्ष की स्थिति दिख रही है । आज ऐसा ही नजारा शहर के साउथ तुकोगन क्षेत्र में ढक्कन वाले कुआं के पास नजर आया । जहां सैकड़ो की तादाद में आकाश इंस्टिट्यूट के संचालक शिक्षकगण और इंस्टिट्यूट के तमाम बच्चे एलन इंस्टिट्यूट के सामने अपने बच्चों के अधिक सिलेक्शन के दावे के साथ शक्ति प्रदर्शन करने पहुंच गए. इस दौरान आकाश इंस्टिट्यूट के शिक्षकों और बच्चों ने सडक पर ही हुड़दंग मचाते हुए बाप ही रहेगा बेटा बेटा ही रहेगा के नारे लगाए। इस दौरान मौके पर जाम की स्थिति नजर आई एलेन इंस्टिट्यूट के सामने काफी देर तक नारेबाजी और लोडिंग ऑटो पर माइक पर शोर मचाने के बाद सभी वापस अपने इंस्टिट्यूट लौट गए। इस दौरान हुड़दंगीयो को ना तो आचारसंहिता की परवाह थी ना ही सडक जाम और पुलिस प्रशासन की।

# कल से इंदौर में बागेश्वर बाबा की कथा

### लोकसभा चुनाव के 8 दिन पहले होगी खत्म, विधानसभा 2 में होगा कथा का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में 28 अप्रैल से बागेश्वर धाम वाले बाबा की कथा का आयोजन होने जा रहा है। यह कथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 2 में आयोजित की जाएगी। इस 7 दिवसीय कथा का आयोजन रमेश मेंदोला मित्र मंडल के द्वारा कराया जा रहा है। यह श्रीमद् भागवत कथा 28 अप्रैल से 4 मई तक कनकेश्वरी मेला ग्राउण्ड पर होगी।**

कथा भजन एवं आरती का कार्यक्रम हर दिन शाम चार बजे से रात 10 बजे तक होगा। इस कथा समाप्ति के आठ दिन बाद 13 मई को इंदौर में वोटिंग होना है। आयोजन के लिए भारी पंडाल लगाने काम काम तेजी से जारी है और यहां लगातार बीजेपी के नेता दौरा कर आयोजन की जानकारी ले रहे हैं। आयोजन में हर दिन हजारों की संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है।

#### इसलिए विधानसभा दो हो रहा कथा का आयोजन

कथा विधानसभा दो में कराई जा रही है। इसका सबसे बड़ा कारण नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और विधायक रमेश मेंदोला है। प्रदेश में सबसे ज्यादा वोट से जीतने वाली विधानसभा दो है, जहां मेंदोला 1.07 लाख वोट से जीते थे। बीजेपी इस बार मिशन 8 लाख की जीत के लिए यहां से ही डेढ़ लाख वोट की लीड की उम्मीद कर रही है, इसी तरह विजयवर्गीय की विधानसभा 1 से भी एक से डेढ़ लाख लीड का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में यह दोनों विधानसभा अहम है। इसलिए यहां कथा रखी गई है, अधिक वोट की लीड से भोपाल से लेकर दिल्ली तक इंदौर एक और दो दोनों का राजनीतिक कद बढ़ाने की यह कोशिश है।

## कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन पर भाजपा की आपत्ति खारिज

**इंदौर।** कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय बम के नामांकन फॉर्म के संबंध में भारतीय जनता पार्टी की ओर से दो आपत्ति पेश की गई थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि अक्षय ने कोर्ट में लंबित आपराधिक प्रकरण में धारा 307 आईपीसी को जानबूझकर छुपाया है। इस आधार पर नामांकन फॉर्म निरस्त किए जाने की मांग की गई थी। कांग्रेस प्रत्याशी की ओर से इंदौर जिला कांग्रेस लीगल सेल के जिला अध्यक्ष रवींद्र कुमार पाठक द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष तर्क प्रस्तुत किए गए की जिस दिनांक 24/4/24 को कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया था उसी दिन कोर्ट द्वारा प्रथम दृष्टया 307 आईपीसी पाया जाना उल्लेखित कर प्रकरण सत्र न्यायाधीश को अंतरित किया है । जिसमें मई माह में चार्ज लगाया जाना है। इस आधार पर आज दिनांक को प्रत्याशी पर कोई चार्ज 307 आईपीसी का नहीं हैं तथा इस आदेश की जानकारी भी प्रत्याशी को नामांकन व शपथ पत्र पेश करते समय नहीं थी। अतः कोई तथ्य जानबूझकर नहीं छुपाया गया है।

# स्कूल में लगी ट्रैफिक पुलिस की यातायात नियमों की पाठशाला

## बच्चों को बताया, यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों का महत्व

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर शहर में सुगम, सुरक्षित व सुखद यातायात हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में इंदौर यातायात प्रबंधन पुलिस द्वारा सडको पर यातायात प्रबंधन एवं व्यवस्था का कार्य लगातार किया जा रहा है, साथ ही लोगों में यातायात नियमों के प्रति जनजागृति लाने के लिए, समय समय पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है।**

जिसके तारतम्य में पुलिस उपायुक्त, यातायात प्रबंधन इंदौर अरविंद तिवारी के मार्गदर्शन में यातायात प्रबंधन पुलिस की एजुकेशन विंग द्वारा निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्कूल, कॉलेज, संस्थाओं के स्टूडेंटस आदि को यातायात नियमो के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को प्रेस्टीज पब्लिक स्कूल में एक यातायात जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री सुशील कुमार तिवारी, सहायक पुलिस आयुक्त श्री मनोज कुमार खत्री व टीम द्वारा, प्रिंसिपल श्रीमती ममता शेखावत, प्रबंधक श्री विपिन जैन की उपस्थिति में स्टूडेंट्स को सडक पर सुरक्षित यातायात हेतु नियमों के प्रति जागरूक किया।



एसीपी मनोज कुमार खत्री द्वारा यातायात व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विषयों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से समझाया गया। उन्होंने ट्रैफिक संकेत बोर्ड, ट्रैफिक सिग्नल, रोड मार्किंग, सडक दुर्घटनाओं के आंकड़े, वाहन चलाते समय रखी जाने वाली सावधानियां, वाहन चालकों द्वारा की जाने वाली गलतियों के बारे में जानकारी दी, सफर के दौरान लेन अनुशासन, आदर्श चौराहा, इंजीनियरिंग, एनफोर्समेंट, एजुकेशन का महत्व बताया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं से यातायात विषय पर सवाल- जवाब किये।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुशील तिवारी ने छात्र छात्राओं को बताया कि यातायात के छोटे-छोटे नियम बड़ी-बड़ी दुर्घटनाओं को टाल सकते हैं इसके लिए जरूरी है कि हम नियमों का पालन करें। भारत देश में हर साल डेढ़ लाख लोगों की मौत सडक हादसों में होती है, स्वयं की अथवा अन्य वाहन चालक की गलती से यह दुर्घटना होती है। सडक दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना है। छात्र-छात्राओं को बताया कि नाबालिक बच्चे जो यातायात नियमों से अनभिज्ञ होते हैं उन्हें पैरेंट्स वाहन चलाने के लिए नही दे और ना ही बच्चे वाहन चलाये क्योकि यह कानूनन अपराध तो है ही साथ ही यह गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है और आजीवन पैरेंट्स को अपनी गलती के लिए पछतावा करना पड़ता है। सभी स्टूडेंट्स ने बड़ी ही उत्सुकता के साथ यातायात के नियमो को ना सिर्फ जाना बल्कि अपने साथियो, पैरेंट्स को भी प्रेरित करने का वादा किया।

इस दौरान सडक सुरक्षा से जुड़े प्रश्नों के उत्तर देकर जिज्ञासाओं को दूर किया। विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे अपने व दूसरों की जीवन की सुरक्षा के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार बने, चालान के डर से नही, बल्कि सुरक्षा के लिए नियमो का पालन करें ।

## सेवानिवृत्त अधिकारी के यहां चोरी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सिल्वर स्प्रिंग फेज 1 में मिड़ाइज 104 और 105 में चोरी हो गई । घनश्याम सोमानी 104 के मालिक ने बताया कि वह जयपुर गए हुए थे उनके पीछे उनकी जीवन भर की कमाई , नगद लाख रुपये , सोने के गहने करीब 4 किलो चांदी और हजार से अधिक डॉलर चोर चुरा कर ले गए है। 105 मिड़ाइज का परिवार घर पर ही सो रहा था और उनके अन्य कमरों से भी समान चोरी हुआ है। जब समीप के थाने पर एफआईआर दर्ज कराई तो जांचकर्ता टीआई ने भी सिल्वर स्प्रिंग सोसायटी की सुरक्षा व्यवस्था को कमजोर और गार्ड को अपरिपक्व बताया। वही सिल्वर स्प्रिंग सोसायटी के डायरेक्टर गण चुप्पी साधे हुए हैं और अध्यक्ष किसी भी प्रश्न का जवाब नहीं दे रहे हैं।

## चलती कार में लगी आग

**इंदौर।** समीपस्थ महू में शुक्रवार शाम 7.30 बजे दशहरा मैदान मलकम लाइन आर्मी क्षेत्र में आने वाले महू-इंदौर रोड पर एक चलती कार में शॉर्ट सर्किट होने से अचानक आग लग गई। कार में सवार परिवार ने कूदकर अपनी जान बचाई। घटना में कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। इस दौरान कार में धमाके भी हुए हैं। घटना में कोई आहत नहीं हुआ है। यहां से निकलने वाले लोगों ने बताया कि कार सवार परिवार इंदौर की ओर जा रहा था। चलती कार में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। जानकारी लगते ही तत्काल छावनी परिषद की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

## 1.10 करोड़ रुपए दिए, फिर भी नहीं भेजा माल

### कारोबारी ने राजस्थानी के व्यापारी पर दर्ज कराया प्रकरणों

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लंबे अरसे से इंदौर और राजस्थान के कारोबारियों के बीच कारोबार चल रहा है। इंदौर से पैसा भेजा जाता था और राजस्थान से माल आ जाता था। विश्वास के आधार पर इस कारोबार के बीच अब खटास आ गई। दो साल पहले माल के 1.10 करोड़ रुपए अदा किए लेकिन आज तक माल नहीं मिला। दो साल तक माल नहीं मिला तो पीड़ित पुलिस की शरण में पहुंचा।**

इंदौर के पीवीसी दाना कारोबारी से राजस्थान के कारोबारी ने 1.10 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी कर डाली,पैसा लेने के बावजूद माल नहीं भेजा। पंकज बाहेती पिता श्रीकृष्ण गोपाल बाहेती निवासी अनूपनगर की शिकायत पर एमआईजी पुलिस ने आरोपी रमेश कुमार उर्फ राजकुमार निवासी उदयपुर राजस्थान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। फरियादी का पीवीसी दाने का बड़ा कारोबार है। उन्होंने बताया कि आरोपी के साथ कई सालों से कारोबार चल रहा है। उसे पैसा भेजते हैं वह माल भेज देता है। करीब 2 साल पहले एक करोड़ 10 लाख रुपए फरियादी ने आरोपी को भेज दिए, बावजूद उसके आज तक माल नहीं आया। कई बार कहने के बाद भी जब माल नहीं भेजा तो मामला पुलिस तक पहुंचा।

### नगर निगम में 28 करोड़ के फर्जीवाडें में नया खुलासा

## अफसरों ने ई-नगर पालिका पोर्टल पर भी लोड कर दिए थे बिल...

### एमजी रोड पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर नगर निगम के 28 करोड़ के फर्जी वाडे में पहले दिन से ही यह आशंका व्यक्त की जा रही थी कि यह मामला अधिकारियों की मिली भगत के बगैर नहीं हो सकता है। अब यह बात धरातल पर स्थापित भी होने लगी है। निगम के अधिकारियों ने ई - नगर पालिका पोर्टल पर भी 28 करोड़ के यह बिल लोड कर दिए थे। अब उन अधिकारियों से जवाब मांगा जा रहा है जिनके कंसोल से बिल लोड किए गए थे।

यह फर्जीवाड़ा नई परत के खुलने साथ तेजी से गहराता जा रहा है। इस पूरे फर्जी वाडे का ठीकरा लेखा शाखा के माथे पर फोड़ने की कोशिश भी दम तोड़ती हुई नजर आ रही है। लेखा शाखा के दो कर्मचारियों को इस शाखा से हटाए जाने के बाद इस मामले में नया और चौकाने वाला खुलासा हुआ है। अब तक तो यह कहा जा रहा था कि इस तरह का फर्जीवाड़ा अधिकारियों की मिली भगत के बगैर नहीं हो सकता है लेकिन अब यह बात स्थापित होती हुई नजर आ रही है।

**पुलिस ने मामले की जांच शुरु की** ... जानकारी के मुताबिक 28 करोड़ के जो फर्जी बिल तैयार कर अधिकारियों के हस्ताक्षर के साथ आडिट विभाग में भेजे गए और फिर वहां से पास होकर जब बिल भुगतान के लिए निगम के लेखा विभाग में पहुंचे थे। इस बिल को लेकर अब तक अधिकारियों का कहना था कि स्वीकृत बिल पर उनके हस्ताक्षर फर्जी है। पुलिस एमजी रोड में आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के साथ इस मामले की जांच शुरू हो गई है। अब अधिकारियों की भूमिका भी इस पूरे मामले में निकलकर सामने आने लगी है।

**बिलों का होता है मिलान** ..... इस मामले की जांच जिससे जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि 28 करोड़ के यह फर्जी बिल ई-नगर पालिका के पोर्टल पर भी लोड कर दिए गए थे। वर्ष 2022 में ई नगर पालिका का सिस्टम शुरू हुआ था। उसके बाद से यह प्रक्रिया है कि ऑडिट से बिल पास होकर जब लेखा शाखा में आता है तो उस बिल का ई नगर पालिका पर लोड किए गए बिल से मिलान किया जाता है। यदि दोनों बिल की राशि में कोई अंतर होता है तो इस अंतर को सही करने के लिए बिल को संबंधित विभाग में भेज देते हैं। यदि अंतर नहीं होता है तो उसे बिल को भुगतान के लिए भेज दिया जाता है। 28 करोड़ के यह चर्चित बिल भी अधिकारियों के द्वारा ई नगर पालिका पोर्टल पर लोड कर दिए गए थे। जब ऑडिट विभाग से पास होकर यह बिल लेखा शाखा में पहुंचे तो फिर मिलान किया गया। इस मिलान में यह बिल बराबर निकले।

## डॉ. तन्मय चौहान मप्र काउंसिल बोर्ड मेंबर नियुक्त



**इंदौर।** गोल्ड मेडेलिस्ट होम्योपैथी डाक्टर तन्मय चौहान को रिसर्च फाउंडेशन आफ इंडिया द्वारा मप्र काउंसिल सलाहकार बोर्ड मेंबर नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से रिसर्च करने वाले स्टूडेंट्स को काफी लाभ मिलेगा। डा तन्मय चौहान को इसके पहले गोल्ड मैडल मिल चुका है। जिला रतलाम में 2014 में होम्योपैथिक डाक्टर चौहान को गोल्ड मैडल (2014 डीएचएससी बेच)मिला था। इसके बाद से ही वे निरंतर रतलाम के साथ ही इंदौर में भी होम्योपैथी इलाज में अपना योगदान दे रहे हैं। डा.चौहान कई निशुल्क शिविरों में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। कई गंभीर बीमारों को उन्होने हौम्योपैथी इलाज से ठीक किया है। वर्तमान में भी वे इंदौर और रतलाम में संयुक्त रूप से सेवाएं दे रहे हैं।

## 21 वर्षीय युवक लापता

**इंदौर।** पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र के अकोलिया गांव के 21 वर्षीय युवक की शुक्रवार को गुमशुदगी दर्ज की गई है। उपनिरीक्षक चांदनी सिंगार ने बताया कि अकोलियां गांव में निवास करने वाले मनीष पिता राजू उम्र 21 वर्ष गुरुवार सुबह से लापता है। मनीष की मां ने थाने में सूचना दी कि उसका 21 वर्षीय बेटा मनीष गुरुवार सुबह मजदूरी के लिए मजदूर चोक पर गया था। रोज मजदूरी करके वह रात 8 बजे तक वापस घर आ जाता था, लेकिन गुरुवार को देर रात तक वह घर नहीं लौटा। मजदूर चौक और आस-पास के लोगो ने भी तलाश की लेकिन मनीष कहीं नहीं मिला। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर मजदूर चोक और अन्य जगह के सीसीटीवी कैमरे की मदद से तलाशा जा रहा है। वहीं पुलिस की एक टीम इंदौर सहित आसपास के बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर भी भेजी गई है।

## देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ पकड़ाया

**इंदौर।** किशनगंज पुलिस ने देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस के साथ युवक को पकड़ा है। थाना प्रभारी कुलदीप खत्री ने बताया कि आरोपी मोहित पिता दयाशंकर श्रीवास्तव (26) साल निवासी मैकेनिक नगर पीथमपुर सेक्टर 1 के कब्जे से एक देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस जब्त किया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की।

# कई जिलों में गिरा पानी, राजगढ़ में अमित शाह की सभा का टेंट उड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में एक बार फिर मौसम बदल गया है। शुक्रवार को कई जिलों में तेज आंधी और बारिश हुई। मंदसौर, छिंदवाड़ा, रतलाम, झाबुआ, धार, आगर मालवा और राजगढ़ में बारिश हुई। राजगढ़ के खिलचीपुर में तेज हवा के साथ बारिश हुई। जिससे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सभा का टेंट उड़ गया।**





खिलचीपुर के स्टेडियम परिसर में शुक्रवार सुबह अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। जिसके कारण केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की सभा के लिए ड्रोम के पीछे लगाया गया। टेंट का हिस्सा गिर गया। इसके चलते टेंट पर लगे माइक भी नीचे आ गिरे। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटे में भोपाल, शाजापुर, बड़वानी, इंदौर और उज्जैन सहित कई जिलों में बारिश हो सकती है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, 'अप्रैल के आखिरी सप्ताह भी बारिश-आंधी का दौर रहेगा। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन की वजह से पिछले 6 दिन से अलग-अलग क्षेत्र में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने 26 और 27 अप्रैल के लिए ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया है। ऑरेंज अलर्ट वाले जिलों में ओले भी गिर सकते हैं। शुक्रवार को उत्तर और पश्चिमी हिस्से के ग्वालियर, नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, श्योपुर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा और सागर में ओले-बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को राजगढ़ जिले के दौरे पर आए। गृहमंत्री अमित शाह दोपहर 1:30 बजे करीब अशोकनगर से हेलीकॉप्टर के माध्यम से राजगढ़ जिले के खिलचीपुर पहुंचे। जहां अमित शाह खिलचीपुर के स्टेडियम परिसर में सभा को संबोधित किया। अमित शाह की सभा से पहले ही राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में शुक्रवार सुबह तेज हवाओं और आंधी के रूक-रूक कर बारिश शुरू हो गई। बारिश के बीच अमित शाह की सभा में पहुंचे लोगों का गृहमंत्री ने आभार जताया।

दरअसल, तेज हवाओं और आंधी के कारण खिलचीपुर के स्टेडिएम परिसर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की सभा के लिए लगाए गए टेंट का कुछ हिस्सा उड़ गया। तेज हवाओं और आंधी के कारण टेंट उड़ने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं और आयोजक दोबारा व्यवस्था ठीक करने में जुटें।

## पं. धीरेंद्र शास्त्री के भाई ने टोलकर्मियों को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के भाई सौरव गर्ग उर्फ शालिग्राम शास्त्री ने छतरपुर में टोलकर्मियों से मारपीट की। टोल मांगने पर उसने अपने सहयोगियों के साथ हमला किया। पुलिस ने शालिग्राम शास्त्री समेत 10 के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

सभी आरोपी फरार हैं। घटना छतरपुर के गुलगंज थाना क्षेत्र में सागर रोड स्थित मंगवारी टोल प्लाजा पर गुरुवार रात की है। एसपी अगम जैन ने बताया कि शालिग्राम देर रात अपने साथियों के साथ किसी शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान टोल प्लाजा पर उसकी गाड़ी को रोककर टोल मांगा गया, इस बात पर वो भड़क गया और मारपीट कर दी। टोलकर्मियों ने जीतू तिवारी, लोकेश उर्फ शालिग्राम गर्ग का नाम बताया था। पुलिस ने 10 लोगों पर केस दर्ज किया है। शालिग्राम इससे पहले भी विवादों में रह चुका है। छतरपुर जिले के ही गढ़ा गांव में 11 फरवरी 2023 को अहिरवार समाज की बेटी की शादी में शालिग्राम ने फायरिंग कर धमकाया था। दरअसल, परिवार ने बागेश्वर धाम के सामूहिक विवाह सम्मेलन में शादी के लिए आवेदन दिया था, लेकिन बाद में निजी कार्यक्रम करने का फैसला किया। इसका पता चलते ही रात करीब 12 बजे शालिग्राम अपने साथियों के साथ शादी समारोह में पहुंच गया। यहां उसने उत्पात मचाया और वहां मौजूद लोगों को धमकाया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने शालिग्राम के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

## छतीसगढ़ में गोली मारकर खुदकुशी की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में चुनाव ड्यूटी के दौरान एक जवान ने सर्विस राइफल से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। जवान जियालाल पंवार मध्यप्रदेश का रहने वाला था और 34वीं बटालियन ए कंपनी में पदस्थ था। उसे मध्यप्रदेश से चुनाव ड्यूटी में भेजा गया था। वह यहां पीपरछेड़ी के कूड़ेरादादर प्राथमिक स्कूल में रुका था।

## 2 मई को मुरैना में प्रियंका का रोड शो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड।** कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने बताया कि राहुल गांधी 30 अप्रैल को मध्यप्रदेश दौरे पर रहेंगे। वे भिंड में कांग्रेस प्रत्याशी फूल सिंह बरैया के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। 2 मई को प्रियंका गांधी मुरैना आएंगी। वे मुरैना में कांग्रेस कैंडिडेट सत्यपाल सिंह सिकरवार के समर्थन में रोड शो करेंगी।

## 10 साल सत्ता में रहने के बाद भी नेहरू को कोसती है बीजेपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग की अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत शुक्रवार को भोपाल पहुंचीं। यहां पर उन्होंने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कांग्रेस पार्टी के लिए दिए गए बयान पर उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि देश चुनाव के मुहाने पर खड़ा है, इसमें हमें लगा था कि प्रधानमंत्री और भाजपा का शीर्ष नेतृत्व 10 साल के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच रखेगा, लेकिन वह तो कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर चुनाव मैदान में उतरा है। हमने अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र कहा है। इसमें भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान देशभर के सभी वर्गों की जो अपेक्षाएं हैं, उन्हें शामिल किया गया है। राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मीडिया से बातचीत के दौरान केंद्र की भाजपा सरकार को लपेटे में लिया है। साथ ही पीएम पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा कि मैं एक



ब्याहता होने के नाते सिर्फ मोदी जी से इतना ही कहना चाहूंगा कि दाम्पत्य का मंगलसूत्र का अपमान न कीजिए। निभा नहीं सकते तो अपमान मत करिए। सुप्रिया ने कहा कि, 'हमारे मैनोफेस्टो के बारे में इतना कहा कि लोग डाउनलोड कर रहे है और पढ़ रहे है। केंद्र कि भाजपा सरकार पिछले 10 साल से सत्ता में रहने के बाद भी नेहरू को ही कोसती है। अगर ऐसा ही था तो क्या 10 साल से भाजपा के लोग झुनझुना बजा रहे थे। आगे उन्होंने कहा कि हमने पांच न्याय अपने मेनिफेस्टो में दिए है, जो आपके सामने है और इसे देखते हुए बीजेपी बौखला गई है। भाजपा लोगों को बरगला रही है। सुप्रिया ने कहा कि हमारा न्याय पत्र 5 न्याय के स्तंभों पर आधारित है, जिसमें युवा, नारी, किसान, श्रमिक और हिस्सेदारी शामिल है। युवाओं को न्याय मिलेगा। खाली पदों पर भर्ती होगी। पेपर लीक बंद होगा। कड़े कानून प्रविधान किए जाएंगे।। अग्निवीर जैसी योजना को समाप्त करेंगे। 50 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को नौकरियों में देंगे। एक लाख रुपये उनके खातों में आएंगे। सुप्रिया ने आगे कहा कि एमएसपी की कानूनी गारंटी किसानों को देंगे। जीएसटी से कृषि उपकरणों को मुक्त करेंगे। किसानों की कर्ज माफी अवश्य करेंगे। श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा दी जाएगी। सामाजिक सुरक्षा कानून लाएंगे। मजदूरी 400 रखेंगे। 25 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा देंगे।

## चचेरे भाइयों को ट्रक ने रौंदा, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**कटनी।** माधव नगर थाना की निवार चौकी अंतर्गत देवरीसानी मार्ग पर शुक्रवार की शाम को मोटरसाइकिल सवार चचेरे भाइयों को एक ट्रक ने कुचल दिया। दुर्घटना में दोनों को गंभीर चोट आईं और स्वजन उनको जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया है और मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार देवरीसानी निवासी अशोक बर्मन का सात वर्षीय पुत्र अपने बड़े पिता के पुत्र मनोज बर्मन 18 साल के साथ शुक्रवार की दोपहर को मोटरसाइकिल से निवार आया था।

## दंपती की मौत बेटा घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिवनी।** लखनवाड़ा में सुबह 11:30 बजे बस ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार दंपती की मौके पर ही मौत हो गई। बेटा गंभीर घायल है, उसे नागपुर रेफर किया गया है। तीनों शादी समारोह के लिए मिडवे की ओर जा रहे थे। इसी रूट से बस बालाघाट से पांढुर्णा जा रही थी। इसी दौरान हादसा हो गया।

## दूल्हे ने जलती कार से कूदकर बचाई जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़।** राजगढ़ में एक बड़ा हादसा होने से बच गया। यहां बारात में जा रही दूल्हे की कार में अचानक आग लग गई। जिसके बाद दूल्हे समेत कार में सवार अन्य लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई। इधर, देखते ही देखते कार से आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगी। कुछ ही देर में कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। इसका वीडियो भी सामने आया है। घटना जिले के छापीहेड़ा के कंडेली गांव की है। कार को जलता देख आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन आग इतनी तेज थी कि लोग कार के पास नहीं जा पा रहे थे। बाद में सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग बुझाई। जानकारी के मुताबिक, बारात गोघटपुर से छापीहेड़ा होते हुए पिपलिया मोची गांव जा रही थी। दूल्हा और कुछ लोग अर्टिगा कार में सवार थे। जिसमें अचानक धुआं उठता नजर आया और आग लग गई। अच्छी बात ये रही कि वक्त रहते दूल्हा और दूसरे लोग कार से उतर गए।



## संपादकीय

# दावा हकीकत से कोसों दूर

दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार ने अपने शासन काल में स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव करने और उससे व्यापक पैमाने पर जनता का हित सुनिश्चित करने के दावे बढ़-चढ़ कर किए हैं। मगर इन दोनों क्षेत्रों में जो तस्वीरें सार्वजनिक रूप से पेश की गई, उसकी जमीनी हकीकत वैसी ही नहीं रहीं। जहां तक स्वास्थ्य के क्षेत्र का सवाल है, अस्पतालों की दशा सुधारने से लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं तक आम लोगों की आसान पहुंच के लिहाज से 'मोहल्ला क्लीनिक' भी खोले गए। मगर व्यवहार में इसका अपेक्षित लाभ लोगों को नहीं मिल सका। इसके समांतर पिछले कुछ महीनों के दौरान दिल्ली के कुछ सरकारी अस्पतालों से जिस तरह दवाइयों और अन्य संसाधनों की कमी के कई मामले सामने आए, उससे यही पता चलता है कि एक तरह की अव्यवस्था पसर रही है, जिसका खमियाजा वहां पहुंचने वाले मरीजों को उठाना पड़ता है। गौरतलब है कि द्वारका इलाके में बुधवार को दिल्ली सरकार के इंदिरा गांधी अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजनों को रुई बाहर से खरीद कर लाने को कहा गया। यह स्थिति अपने आप में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का सच बताने के लिए काफी है। एक उपलब्धि और 'माडल' के रूप में बहुप्रचारित सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की हालत ऐसी क्यों देखने में आ रही है कि किसी अस्पताल में दवाइयां नहीं हैं तो कहीं रुई जैसी सबसे बुनियादी जरूरत की चीजें भी मरीजों के तीमारदारों को बाहर से लानी पड़ रही हैं। कुछ समय पहले खुद उपराज्यपाल ने यहां के स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिख कर दिल्ली सरकार के कामकाज और दावों पर सवाल उठाए थे। दिल्ली के कुछ अस्पतालों में दवाइयों की कमी से जूझने की भी कई खबरें आई। आरोप-प्रत्यारोप के बीच आखिर यह व्यवस्था सुनिश्चित करना किसकी जिम्मेदारी है कि लोग जब किसी बीमारी का इलाज कराने दिल्ली के किसी अस्पताल में पहुंचें तो वहां चिकित्सक, जरूरी दवाइयां और अन्य बुनियादी संसाधन उपलब्ध हों? सिर्फ प्रचार और दावा करने से किसी सेवा में सुधार नहीं होता, बल्कि उसके लिए वास्तव में पहल करनी पड़ती है। अगर कोई अड़चन आए, संसाधनों की कमी पैदा हो तो उसका विकल्प निकालना पड़ता है, ताकि समस्या का समाधान निकले।




शेखचिल्ली का यह किस्सा उसके भाई से जुड़ा है। शेख अपने भाई से खूब प्यार करता था। दोनों कुछ घंटों की दूरी पर अलग-अलग गांव में रहते थे। एक दूसरे का हाल खबर जानने के लिए दोनों चिट्ठी का सहारा लिया करते थे। एक दिन शेखचिल्ली को पता चला कि उसका भाई बीमार हो गया है। उसके मन में हुआ कि अब जल्दी से भाई को चिट्ठी लिखकर उसका हाल जान लेता हूं। उसने ऐसा ही किया और करीब एक घंटे बैठकर बड़ा सा खत लिख लिया।

उस समय डाक पहुंचाने की सुविधा नहीं थी, इसलिए लोग एक गांव से दूसरे गांव जाने वाले व्यक्ति के हाथ में चिट्ठी और कुछ पैसे देकर उसे पहुंचाने के लिए कह देते थे। शेखचिल्ली का भाई जिस गांव में था वहां एक नाई का आना-जाना लगा रहता था। वो तुंरत उस नाई के पास गया और कहने लगा कि आप मेरे भाई तक इस चिट्ठी को पहंचा दो।

नाई ने खांसते हुए कहा कि देखो भाई! मेरी तबीयत कुछ ठीक नहीं है, इसलिए मैं कुछ दिनों तक उस गांव में नहीं जाने वाला हूं। तुम किसी और के हाथ इस चिट्ठी को भिजवा दो। शेखचिल्ली ने अपने गांव से भाई के गांव जाने वाले हर इंसान से पूछा, लेकिन सबने चिट्ठी पहुंचाने से मना कर दिया। कोई बीमार था, किसी को जरूरी काम थे और कुछ लोग अभी दूसरे गांव जाना नहीं चाहते थे।

काफी कोशिशों के बाद भी चिट्ठी पहुंचाने का इंतजाम न होने पर गुस्से में शेखचिल्ली खुद ही अपने भाई के गांव निकल गया। पूरे एक दिन पैदल चलने के बाद वो अपने भाई के घर पहुंचा। उसने वहां पहुंचकर भाई के घर का दरवाजा खटखटाया। जैसे ही भाई बाहर आया, तो उसने उसके हाथों में खुद की लिखी चिट्ठी थमा दी और वापस लौटने लगा।

शेखचिल्ली को रोकते हुए उसके भाई ने कहा, "अरे, तुम कहा जा रहे हो। इतनी दूर से यहां आए हो, कुछ देर बैठो और मेरे साथ बातें करो।" शेखचिल्ली ने उसकी एक न सूनी। तब उसके भाई ने पूछा, "क्या तुम मुझसे नाराज हो।"

जवाब देते हुए शेखचिल्ली ने बताया कि मैं तुम्हें चिट्ठी भिजवाने के लिए बहुत से लोगों के घर गया, लेकिन कोई भी तुम्हारे पास चिट्ठी लेकर आने को तैयार नहीं हुआ। आखिर में परेशान होकर मैं खुद ही नाई की जगह तुम्हें चिट्ठी देने के लिए आया हूं। अब मैं नाई की जगह तुम्हारे घर आया हूं, तो मैं तुम्हारे साथ व्यवहार भी वैसा ही करूंगा।

अगर मुझे तुमसे मिलने आना होता, तो मैं खुद ही नहीं आ जाता। मैं नाई की जगह चिट्ठी देने के लिए क्यों तुम्हारे पास आता। शेखचिल्ली की बातें उसके भाई के बिल्कुल भी समझ नहीं आ रही थी। उसके मन में हुआ कि ये आया तो खुद ही है, लेकिन कहता है कि नाई की जगह आया हूं, इसलिए तुमसे मिलूंगा नहीं। इतने में शेखचिल्ली ने कहा कि तुम इस चिट्ठी को अच्छे से पढ़ लेना और इसका जवाब अपने भाई को भिजवा देना। अब मैं नाई की जगह यहां आया हूं, तो मैं वापस चलता हूं। इतना कहकर शेखचिल्ली अपने घर की ओर निकल गया।

**कहानी से सीख** : हमें हमेशा अपने दिमाग का इस्तेमाल करना चाहिए। साथ ही किसी बात पर डटे रहने की जगह सामने वाले की बात को सुनकर समझने की कोशिश करनी चाहिए।

# नंदी कैसे बने भगवान शिव के वाहन?

पुराणों के अनुसार नंदी असल में शिलाद ऋषि के पुत्र थे और शिलाद ऋषि थे ब्रह्मचारी। दरअसल, हुआ यूं कि ब्रह्मचारी व्रत का पालन करते-करते शिलाद ऋषि के मन एक भय बैठ गया। भय था कि बिना संतान उनकी मृत्यु के बाद उनका वंश समाप्त हो जाएगा। इसलिए, उन्होंने अपने वंश को आगे बढ़ाने के लिए एक बच्चा गोद लेने का मन बनाया। मन तो ऋषि शिलाद ने बना लिया, लेकिन दुविधा यह थी कि ऋषि ऐसे बालक को गोद लेना चाहते थे, जिस पर भगवान शिव की असीम कृपा हो।

अब ऐसा बालक ढूंढने से भी मिलना मुश्किल था तो ऋषि भगवान की घोर तपस्या में लीन हो गए। लंबे समय तक तप करने के बाद भी उन्हें इसका कोई भी फल प्राप्त नहीं हुआ। ऐसे में ऋषि शिलाद ने अपनी तपस्या को और भी कठोर कर दिया। काफी समय के कठोर तप के बाद आखिर भगवान शिव प्रसन्न हुए और उन्होंने ऋषि शिलाद को दर्शन दिए।

भगवान शिव ने शिलाद ऋषि से कहा, "मांगो, क्या वर मांगना चाहते हो।" ऋषि शिलाद ने अपनी कामना भगवान शिव से जाहिर की। भगवान शिव ने शिलाद को पुत्र का आशीर्वाद दिया और वहां से चले गए।

अगले ही दिन जब ऋषि शिलाद पास के खेतों से गुजर रहे थे तो उन्हें वहां एक नवजात बच्चा मिला। बच्चे का मुख बेहद ही मनमोहक और लुभावना था। ऋषि बच्चे को देख बहुत खुश हुए और यह सोचकर इधर-उधर देखने लगे कि इतने प्यारे बच्चे को इस हाल में यहां छोड़कर कौन चला गया। तभी भगवान शिव की आवाज आई और उन्होंने कहा शिलाद यही है,



तुम्हारा पुत्र।

अब तो ऋषि शिलाद की प्रसन्नता का कोई ठिकाना ही नहीं था। वह उसे अपने साथ अपने घर ले आए और उसका लालन-पालन करने लगे। देखते देखते नंदी बड़ा हो गया। एक दिन ऋषि शिलाद के घर दो सन्यासी आए। ऋषि शिलाद की आज्ञा से नंदी ने दोनों सन्यासियों का खूब आदर सत्कार किया। उन्हें भोजन कराया।

ऋषि शिलाद के घर मिले इस सेवा भाव से दोनों सन्यासी अत्यधिक प्रसन्न हुए। उन्होंने ऋषि शिलाद को दीर्घ आयु का आशीर्वाद दिया, लेकिन नंदी जिसने उनकी इतनी मन से सेवा की थी उसके लिए एक शब्द भी नहीं कहा। सन्यासियों द्वारा ऐसा किए जाने पर ऋषि शिलाद को आश्चर्य हुआ। अपनी जिज्ञासा को शांत करने के लिए शिलाद ने सन्यासियों से ऐसा करने के पीछे की वजह पूछी।

तब सन्यासियों ने बताया कि आपके इस पुत्र की आयु बहुत कम है। इसलिए, हमने इसे कोई आशीर्वाद नहीं दिया। नंदी ने सन्यासियों की यह बात सुन ली।

नंदी ने अपने पिता से कहा, "आपने मुझे स्वयं भगवान शिव के आशीर्वाद से पाया है, तो मेरे इस जीवन की रक्षा भी भगवान शिव ही करेंगे। आप इस बात की बिलकुल भी चिंता न करो।" इतना कहते हुए नंदी भगवान शिव की अराधना में लग जाता है। अपने पिता की तरह ही नंदी ने भी भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए कठोर तप किया। फलस्वरूप भगवान शिव प्रसन्न हुए और नंदी को बैल का मुख देकर अपना सबसे प्रिय और वाहक बनाया। इस प्रकार नंदी भगवान शिव के सबसे प्रिय वाहन बने और समाज में उन्हें पूजनीय स्थान भी मिला। यही वजह है कि भगवान शिव की आराधना से पूर्व उनके प्रिय नंदी की पूजा की जाती है।

New Delhi

# होटल में 70 से ज्यादा पाकिस्तानियों के रुके होने की सूचना से हड़कंप, पैरामिलिट्री फोर्स तैनात

**नई दिल्ली**। दिल्ली पुलिस समेत देश की सुरक्षा एजेंसी में शुक्रवार की रात उस समय हड़कंप मच गया जब खुफिया एजेंसी को सूचना मिली थी कि पहाड़गंज स्थित टुडे इंटरनेशनल होटल में 60 से 70 पाकिस्तानी रुके हुए हैं। इस सूचना के बाद सुरक्षा एजेंसी अलर्ट हो गई। पूरे होटल के सामने व चारों तरफ भारी संख्या में पुलिस बल में पैरामिलिट्री फोर्स को तैनात कर दिया गया है।

दिल्ली पुलिस के सीनियर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे। दिल्ली पुलिस अधिकारियों को शुरुआती जांच के बाद पता लगा कि कुछ संदिग्ध गतिविधियां हो रही है। इसके बाद सूचना मिली थी कि टुडे इंटरनेशनल



होटल में पाकिस्तानी काफी मात्रा में पाकिस्तानी ठहरे हुए हैं। भारी संख्या में होटल में पाकिस्तानी नागरिकों के रुके होने से कई सवाल खड़े होते हैं। क्या सुरक्षा एजेंसी को इस बात की जानकारी नहीं थी कि इतनी संख्या में पाकिस्तानी नागरिक होटल में ठहरे हुए हैं, क्या यह पाकिस्तानी अवैध रूप से आए हैं। दिल्ली पुलिस के तमाम सीनियर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और जांच शुरू कर दी गई है।

मध्य जिला पुलिस उपायुक्त एम हर्षवर्धन का कहना है कि यह पाकिस्तानी डेलिगेशन है, जो निजामुद्दीन दरगाह के लिए आया हुआ है। इसके बावजूद कई सवाल खड़े हो रहे हैं कि जब यह डेलिगेशन आया है तो दिल्ली पुलिस के पास इसकी पहले से जानकारी होगी, फिर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात क्यों किया गया है और सीनियर पुलिस

Manipur

## मणिपुर में CRPF बटालियन पर कुकी उग्रवादियों ने किया हमला, 2 जवान शहीद



**इंफाल, (एजेंसी)** मणिपुर से फिर हिंसा की खबरें सामने आ रही हैं। नारानसेना इलाके में शनिवार को आधी रात से लेकर 2:15 बजे तक कुकी उग्रवादियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) पर घात लगाकर लगातार हामले किए। इस हमले में दो जवानों की जान चली गई। मणिपुर पुलिस ने कहा कि ये जवान राज्य के बिष्णुपुर जिले के नारानसेना इलाके में तैनात सीआरपीएफ की 128वीं बटालियन के हैं। इससे पहले मणिपुर के कांगपोकपी जिले में बीते बुधवार को एक शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) में विस्फोट होने से इंफाल-माओ राजमार्ग का पुल क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके कारण राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से रोक दी गयी। पुलिस ने कहा कि इंफाल-माओ राजमार्ग पर आवाजाही पूरी तरह से रोक दी गई और पुल के दोनों ओर लगभग 200 वाहन फंसे हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, विस्फोट से पुल में करीब तीन छेद हो गए। गौरतलब है कि तीन मई 2023 से अलग-अलग समय पर विभिन्न कुकी संगठनों द्वारा राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया है और मैतेई लोगों की आवाजाही रोक दी गई थी। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि धमाके के पीछे किसका हाथ है। यह विस्फोट जातीय हिंसा प्रभावित राज्य में 26 अप्रैल को लोक सभा चुनाव के लिए दूसरे चरण में होने वाले मतदान से कुछ दिन पहले हुआ था। इससे पहले 16 अप्रैल को तामेंगलांग में तेल टैंकरों पर संदिग्ध कुकी उग्रवादियों द्वारा गोलीबारी के बाद इंफाल से जिरीबाम राजमार्ग पर आवाजाही बाधित हुई थी।

Uttarpradesh

## जिस गाड़ी से बेटे की बारात लेकर गए थे पिता, उसी से कुचलकर हुई मौत, बहू की डोली से पहले पहुंची अर्थी

**बांदा, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले (Banda) में एक दर्दनाक घटना (Incident) सामने आई है. जिस गाड़ी से पिता अपने



बेटे की बारात लेकर गए थे, उसी से कुचलकर उनकी मौत हो गई. इस घटना के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गईं. घर में चीख-पुकार मच गई. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लिया. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. दरअसल, 25 अप्रैल को बिसंडा के रहने वाले गणेश प्रजापति अपने बड़े बेटे विनोद की बारात लेकर बदौसा थाना के पौहार गांव गए थे. शादी की सभी रस्में और कार्यक्रम तय समय के अनुसार चल रहे थे. घर में खुशियों का माहौल था. सुबह के समय बारात के बाद नेग देने के लिए दूल्हे का भाई अपनी बोलेरो से जनवासे साड़ियां लेने जा रहा था.

Bihar

## बेगूसराय में डायल-112 के ड्राइवर के बेटे की हत्या, पहले बेरहमी से पीटा फिर तेजाब पिलाया और डाला

**बेगूसराय, (एजेंसी)** बिहार के बेगूसरया में एक रिटायर्ड फौजी के बेटे का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी गई. बताया जा रहा है कि युवक को बदमाशों ने पीट-पीटकर अधमरा किया और तेजाब पिलाया. इतना ही नहीं तेजाब से ही शव को जलाने का प्रयास किया. अपहरण के तीसरे दिन आईआईटी के छात्र का शव गंगा किनारे मिला. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है. मृतक के पिता कौशल कुमार ने पुलिस पर आरोप लगाया कि किडनैप की शिकायत मिलने के बाद अगर पुलिस ने तुरंत ही कार्रवाई की होती तो उनका बेटा जिंदा होता. पीड़ित पिता ने बताया कि उनके बेटे को 24 अप्रैल की दोपहर किसी ने फोन कर बुलाया था. इसके वो वापस घर नहीं लौटा. परिजनों का आरोप है कि जिस कोचिंग में वह पढ़ता था उसके शिक्षक ने ही बुलाया था. पीड़ित परिवार शिक्षक पर हत्या की आशंका जता रहा है. इस मामले में सदर डीएसपी सुबोध कुमार ने बताया कि अपहरण कर छात्र की हत्या की गई है. हत्या के कारण का अब तक कुछ पता नहीं चल पाया है. परिजनों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस ने इस मामले में लापरवाही बरती है. किडनैप की शिकायत के बाद समय पर कार्रवाई नहीं की. जबकि मृतक छात्र का पिता इसी थाना में 112 डायल पुलिस वाहन की गाड़ी चलाता है. जब उसके साथ पुलिस इस तरह का व्यवहार कर रही है तो आम लोगों का क्या होगा.

खेल

# पंजाब किंग्स की वर्ल्ड रिकॉर्ड चेज में चकनाचूर हुए ये 5 कीर्तिमान, हैरान कर देंगे आंकड़े

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** कोलकाता नाइट राइडर्स वर्सेस पंजाब किंग्स आईपीएल 2024 के 42वें मुकाबले में उस समय इतिहास रचा गया, जब पंजाब की टीम ने टी20 के इतिहास की सबसे बड़ी रनचेज की। केकेआर ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 261 रन बोर्ड पर लगाए थे, इस स्कोर का पीछा पीबीकेएस ने 8 विकेट और इतनी ही गेंदें शेष रहते कर डाला। पंजाब की जीत के हीरो जॉनी बेयरस्टो रहे जिन्होंने इस रनचेज में नाबाद शतक जड़ते हुए 108 रनों की पारी खेली। पंजाब ने इस रन चेज के दौरान 5 और रिकॉर्ड्स को चकनाचूर किया। आइए जानते हैं इनके बारे में- आईपीएल के इतिहास में एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड पंजाब किंग्स ने अपने नाम कर लिया है। इस सीजन सनराइजर्स हैदराबाद ने आरसीबी के खिलाफ 22 छक्के लगाए थे, मगर अब पंजाब ने केकेआर के खिलाफ 24 छक्के लगाकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया है।

KKR vs PBKS: नाजुक मौके फॉर्म में लौटे जॉनी बेयरेस्टो, कोलकाता के खिलाफ जमाया जोरदार शतक

आईपीएल की एक पारी में सर्वाधिक छक्के

24 - पीबीकेएस बनाम केकेआर, कोलकाता, 2024



22 - एसआरएच बनाम आरसीबी, बेंगलुरु, 2024

22 - एसआरएच बनाम डीसी, दिल्ली, 2024

21 - आरसीबी बनाम पीडब्ल्यूआई, बेंगलुरु, 2013

पीबीकेएस की तुलना में केवल नेपाल ने पुरुष टी20 क्रिकेट में एक पारी में अधिक छक्के लगाए हैं। उन्होंने पिछले साल एशियाई खेलों में हांग्जो में मंगोलिया के खिलाफ अपने ऐतिहासिक 314/3 की इनिंग के दौरान उन्होंने 26 छक्के लगाए थे।

केकेआर वर्सेस पीबीकेएस मुकाबले में कुल 42 छक्के लगे यह टी20 क्रिकेट के इतिहास में एक मैच में लगे सबसे ज्यादा छक्के हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के नाम था, जिन्होंने इसी सीजन एक मैच में 38 छक्के जड़े थे।

मेंस टी20 मैच में सर्वाधिक छक्के

42 - केकेआर बनाम पीबीकेएस, कोलकाता, आईपीएल 2024

38 - एसआरएच बनाम एमआई, हैदराबाद, आईपीएल 2024

38 - आरसीबी बनाम एसआरएच, बेंगलुरु, आईपीएल 2024

37 - बल्ख लीजेंड्स बनाम काबुल ज़्वानन, शारजाह, एपीएल 2018/19

37 - एसकेएनपी बनाम जेटी, बैसेटेरे, सीपीएल 2019

राजस्थान रॉयल्स ने कुछ ही दिन पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 224 रन चेज कर आईपीएल के इतिहास की सबसे बड़ी रन चेज की थी, मगर कुछ ही दिनों के अंदर पंजाब किंग्स ने उनका यह रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है।

आईपीएल के इतिहास की सबसे बड़ी रन चेज

262 - पीबीकेएस बनाम केकेआर, कोलकाता, 2024

224 - आरआर बनाम केकेआर, कोलकाता, 2024

224 - आरआर बनाम पीबीकेएस, शारजाह, 2020

सिनेमा

## तारक मेहता के एक्टर 'सोढ़ी' की गुमशुदगी पर पुलिस ने दर्ज किया किडनैपिंग का केस, फोन से हुए थे कई ट्रांजैक्शन



टीवी के पॉपुलर सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के सोढ़ी को लेकर खबर आई थी कि एक्टर 22 अप्रैल से वो लापता हैं. अब पुलिस ने इस केस में किडनैपिंग का मामला दर्ज किया है. IPC की धारा 365 के तहत FIR भी दर्ज हुई है. पुलिस के हाथ एक CCTV फुटेज लगा है, जिसमें किडनैपिंग का मामला सामने आया है. बता दें कि गुरचरण सिंह के पिता हरगीत सिंह ने कहा था- एसएचओ ने मुढे कॉल की थी और उन्होंने मुझे आश्वासन दिया है कि वो गुरचरण को जल्दी ही ढूंढ लेंगे.उम्मीद करता हूं कि गुरचरण ठीक होगा और वो खुश होगा. जहां भी वो इस समय है, बस रब उसकी खैर करें. 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' फेम गुरचरण सिंह, 50 साल के हैं. पिछले 4 दिनों से लापता हैं. एक्टर के पिता ने दिल्ली के पालम पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी. पुलिस की शुरुआती जांच में गुरचरण 22 अप्रैल की सुबह मुंबई के लिए निकले थे. 8:30 बजे उनकी दिल्ली एयरपोर्ट से फ्लाइट थी, लेकिन उन्होंने फ्लाइट नहीं ली और मुंबई नहीं पहुंचे. 25 अप्रैल को दोपहर 3 बजे, एक्टर के पिता ने दिल्ली के पालम थाने में मिसिंग की शिकायत दर्ज कराई. पुलिस के हाथ अब एक CCTV लगा है, जिसमें गुरचरण सिंह जाते हुए दिख रहे हैं.

## Highlights

1. **Indian man who tried to kill ex-girlfriend gets 16 yrs jail in UK; had Googled 'how to kill someone'**
2. **Razia Sultan: the first, the only female muslim ruler and sultan**
3. **Left rattled by allegations of CPI(M) veteran's plans to join BJP**
4. **EC books BJP MP Tejasvi for 'seeking votes on grounds of religion'**
5. **Earthquake of magnitude 3.2 hits Kishtwar, Jammu and Kashmir: NCS**

# Elon Musk's Tesla Autopilot probed after 20 crashed in months since recall

**NEW DEIHI, (Agency).** The top US auto-safety regulator is again investigating Tesla Inc.'s Autopilot, this time over whether a fix deployed months ago did enough to stop people from misusing the system.

The National Highway Traffic Safety Administration disclosed Friday that it's opened a query into the Autopilot recall Tesla conducted in December. The agency is concerned as to whether the company's remedy was sufficient, in part due to 20 crashes that have occurred involving vehicles that received Tesla's over-the-air software update.

More than 2 million Tesla vehicles are subject to the probe, according to NHTSA. The carmaker's shares fell as much as 1.7% shortly after the start of regular trading and are down more than 30% this year.




The investigation cuts against Chief Executive Officer Elon Musk's exuberance about Tesla's automated-driving systems. The billionaire has set a date in August to unveil a driverless robotaxi, which he said five years ago would be ready by 2020. During an earnings call this week, he downplayed the difficulty of getting the green light from regulators for that vehicle.

"I actually do not think that there will be significant regulatory barriers, provided there is conclusive data that the autonomous car is safer than a human-driven car," Musk said. Later in the call, he said that those who doubt Tesla's ability to "solve" autonomy shouldn't invest in the company.

Tesla filed its Autopilot recall in December to address concerns NHTSA raised as part of a years-long defect investigation. A portion of the company's remedy both requires car owners to opt in and allows drivers to readily reverse changes Tesla has made, according to the agency.

# Tata developing high-tech machines to manufacture iPhone casing?

**NEW DEIHI, (Agency).** Tata Electronics has tied up with two Indian manufacturers in Pune and Bengaluru to develop capabilities to work on developing very sophisticated and complex high-precision machines used to produce the casing of the iPhone, Economic Times reported. The equipment can be found in the production lines of independent contractors that collaborate with multinational corporations like Apple. The action is anticipated to provide the government's $300 billion electronics export goal by 2025 with a significant boost. Given the geopolitical conditions, this comes at a time when Apple



is trying to diversify its manufacturer base to reduce its dependence on China. According to the report, "The Tata Group is testing these machines in a staged manner at their Hosur facility. Part of the objective is to grow more of its local capability because the company is not just looking to build enclosures, it wants to develop the ecosystem in the country. These machines are just one of the many inputs that go into making a component or an enclosure that the company is looking at to reduce its exclusive dependence on certain parts." Ajai Chowdhry, co-founder of HCL, told Economic Times, "Everybody wants casings, if Tata Group is able to do import substitution and they're able to make these machines in India, it will create an industry because so many people want casings.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक